भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3458

उत्तर देने की तारीख : 15 जुलाई, 2019

नेहरू संग्रहालय का संरक्षण

3458. श्री एम॰ सेल्वराज :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली स्थित नेहरू संग्रहालय स्मारक और ग्रंथालय, को भारत के सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के स्मारक-स्थल के रूप में परिवर्तित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) प्रस्तावित स्मारक-स्थल कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) से (ग) : जी, नहीं। तथापि, भारत की लोकतांत्रिक प्रकृति की समझ को और अधिक बेहतर बनाने, प्रधानमंत्रियों के कार्य, जीवन और व्यक्तित्व के संबंध में समग्र रूप से आगंतुकों और जनता के बीच जिज्ञासा पैदा करने के मुख्य उद्देश्य से भारत सरकार ने तीन मूर्ति परिसर, नई दिल्ली में भारत के प्रधानमंत्रियों पर नए संग्रहालय की स्थापना संबंधी प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया है। इस संग्रहालय के अक्तूबर, 2020 तक शुरू होने की संभावना है।

***